नईदुनिया

मप्र में अंगदान को बढ़ावा देने के लिए अंग रिट्रिवल व्यवस्था को मजबूत करने की पहलः डॉ अभिजीत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अंगदान केवल चिकित्सा की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानवता की ऐसी महान भावना है, जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति के निधन के बाद भी उसके अंग किसी दूसरे व्यक्ति को नया जीवन दे सकते हैं। यह बात डॉ. अभिजीत देशमुख ने कही। उन्होंने कहा कि देश में प्रत्यारोपण की आवश्यकता और उपलब्ध अंगों के बीच अभी भी बड़ा अंतर है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष हजारों प्रत्यारोपण होने के बावजूद मृतक अंगदान की दर एक प्रति दस लाख आबादी से भी कम बनी हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अंगदान को बढ़ावा देने के लिए संवेदनशील और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रहे हैं। इसी दिशा में मुख्यमंत्री के समक्ष एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा गया है, जिसका उद्देश्य प्रदेश में अंग रिट्रिवल की प्रशिक्षित चिकित्सा टीमों का मजबूत नेटवर्क तैयार करना है।

किसी परिवार के लिए अपने प्रियजन की ब्रेन-स्टेम मृत्यु के समय अंगदान का निर्णय लेना अत्यंत कठिन और भावनात्मक क्षण होता है। उस समय परिवार यदि मानवता के हित में अंगदान का निर्णय करता है, तो उसके बाद चिकित्सा व्यवस्था की जिम्मेदारी है कि दान किए गए अंगों को सुरक्षित रूप से प्राप्त कर समय पर जरूरतमंद मरीज तक पहुँचाया जाए। यहीं पर ऑर्गन रिट्रिवल टीम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

ब्रेन-स्टेम मृत्यु के बाद हृदय, फेफड़े, यकृत, गुर्दे, अग्न्याशय और आंत जैसे अनेक जीवनरक्षक अंग दान किए जा सकते हैं। एक अंगदाता से आठ जीवन तक बचाए जा सकते हैं, जबकि विभिन्न ऊतकों के दान से अनेक अन्य लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। लेकिन प्रत्येक अंग को सुरक्षित रूप से निकालने, संरक्षित करने और निर्धारित समय सीमा में प्रत्यारोपण केंद्र तक पहुँचाने के लिए प्रशिक्षित विशेषज्ञों, आवश्यक उपकरणों और समन्वित व्यवस्था की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए हृदय और फेफड़ों जैसे अंगों के लिए उपलब्ध समय अपेक्षाकृत बहुत कम होता है।

इसी व्यावहारिक चुनौती के समाधान के लिए प्रस्ताव रखा गया है कि एम्स के विशेषज्ञों की टीम द्वारा मध्यप्रदेश के सभी शासकीय मेडिकल कॉलेजों के विशेषज्ञ सर्जनों को अंग रिट्रिवल की विशेष एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाए।

इसका उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि प्रदेश में ऐसी सक्षम चिकित्सा व्यवस्था तैयार करना है, जहाँ किसी शासकीय अस्पताल में ब्रेन-स्टेम मृत्यु होने पर परिवार द्वारा अंगदान की सहमति मिलने के बाद अधिकतम संभव अंगों को सुरक्षित रूप से प्राप्त किया जा सके और निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार संबंधित प्रत्यारोपण केंद्र तक समय पर पहुँचाया जा सके।

कई बार किसी अस्पताल में अंगदान की इच्छा होने के बावजूद किसी विशेष अंग को निकालने के लिए प्रशिक्षित टीम या आवश्यक विशेषज्ञता उपलब्ध न होने के कारण अंग को दूसरे केंद्र तक ले जाना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में समय की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आती है और कुछ अंगों का उपयोग संभव नहीं हो पाता। इसलिए स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित रिट्रिवल टीमों की उपलब्धता अंगदान की पूरी क्षमता को उपयोग में लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकती है।

राष्ट्रीय स्तर पर भी अंग रिट्रिवल के लिए सर्जनों के प्रशिक्षण और विशेष कौशल केंद्र विकसित करने पर बल दिया गया है। दिशानिर्देशों में भी अंग एवं ऊतक रिट्रिवल के लिए सर्जनों के प्रशिक्षण तथा आवश्यक चिकित्सा दल को प्रशिक्षित करने की व्यवस्था का उल्लेख है।

यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव डॉ अभिजीत देशमुख द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष एम्स के हृदय शल्य चिकित्सक डॉ. विक्रम वट्टी, डॉ. राहुल शर्मा एवं डॉ. सुरेंद्र यादव के साथ रखा गया। इन विशेषज्ञों के पास हृदय प्रत्यारोपण सहित जटिल हृदय शल्य चिकित्सा का अनुभव है। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव की सराहना करते हुए इसे शीघ्र लागू करने की दिशा में प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की बात कही है। अंगदान करने वाले प्रत्येक परिवार की भावना का सम्मान तभी पूर्ण होगा, जब उनके द्वारा दिए गए अंगों का अधिकतम उपयोग जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में हो। इस पहल की मूल भावना यही है कि जहाँ अंगदान की इच्छा हो, वहाँ व्यवस्था की कमी बाधा न बने।

40 महिला मास्टर किसान दीदियों का प्रशिक्षण

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः महिला किसानों को आधुनिक, टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों से जोड़ने के उद्देश्य से एसआरआईजेएएन द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र , शिवपुरी में खनियाधाना एवं पिछोर ब्लॉक की 40 महिला मास्टर किसान दीदियों के लिए दो दिवसीय क्षमता-वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण 23 एवं 24 सितंबर 2026 को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य विषय इंट्रीग्रेटेड रिजेनरेटिव एग्रीकल्चर (एकीकृत पुनर्योजी कृषि) रहा। प्रशिक्षण के दौरान महिला किसानों को एकीकृत कृषि प्रणाली, बागवानी, सब्जी उत्पादन, बीज उत्पादन एवं भंडारण, पशुपालन, मशरूम उत्पादन, कृषि वानिकी, फसल विविधीकरण, कृषि यंत्रीकरण एवं फसल अवशेष प्रबंधन सहित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आदरणीय डॉ. पुनीत कुमार , वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, केवीके शिवपुरी, का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने उच्च मूल्य वाली फसलों, सब्जी उत्पादन एवं फसल विविधीकरण के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने की संभावनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वहीं आदरणीय डॉ. एम.के. भार्गव , वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि विज्ञान), केवीके शिवपुरी, ने एकीकृत कृषि प्रणाली एवं पुनर्योजी कृषि के महत्व तथा किसानों के लिए इसके व्यावहारिक लाभों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के दौरान महिला मास्टर किसानों को केवीके के फार्म एवं डेमो यूनिट का व्यावहारिक भ्रमण भी कराया गया, जिससे उन्हें कृषि तकनीकों को खेत स्तर पर समझने और अपने गांवों में अन्य किसानों तक पहुंचाने का अवसर मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसआरआईजेएएन पिछोर के टीम लीडर लक्ष्मण जेठानी एवं प्रोजेक्ट मैनेजर ममता कुमारी का निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। उनके मार्गदर्शन में वेदांश मिश्रा, परियोजना कार्यकारी तथा राम गोपाल, क्षेत्र समन्वयक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन, समन्वय एवं महिला किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन अवसर पर महिला मास्टर किसान दीदियों ने अपने अनुभव एवं फीडबैक साझा किए तथा प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने गांवों में अन्य किसानों तक पहुंचाने में रुचि व्यक्त की। यह प्रशिक्षण खनियाधाना एवं पिछोर ब्लॉक की महिला किसानों के ज्ञान, कौशल एवं नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने तथा गांव स्तर पर एकीकृत एवं पुनर्योजी कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

23 ट्रेनों के बदले मार्ग, मुंबई यात्रा में बढ़ सकता है समय

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुंबई मंडल के कसारा स्टेशन पर आसनगांव-कसारा तीसरी रेल लाइन परियोजना के काम के चलते अक्टूबर में कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। कल्याण-इगतपुरी रेलखंड पर रेल यातायात और विद्युत ब्लॉक लिए जाने के कारण भोपाल मंडल होकर चलने वाली 23 ट्रेनों को अलग-अलग तारीखों में बदले हुए मार्ग से संचालित किया जाएगा।

रेलवे के अनुसार यह बदलाव 14 से 17 अक्टूबर के बीच लागू रहेगा। इस दौरान कुछ ट्रेनें कल्याण-करजत-पुणे-मनमाड मार्ग से चलेंगी, जबकि कुछ ट्रेनों को जलगांव-नंदुरबार-बसई रोड-ठाणे और मनमाड-पुणे-लोणावला-कल्याण मार्ग से संचालित किया जाएगा।

परिवर्तित मार्ग के कारण मुंबई और उत्तर भारत के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को अपनी ट्रेन के रूट की जानकारी लेकर ही यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी गई है। 14 अक्टूबर को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस और दादर-बलिया एक्सप्रेस को कल्याण-करजत-पुणे-मनमाड मार्ग से चलाया जाएगा। 15 अक्टूबर को अगरतला-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस मनमाड-पुणे-लोणावला-कल्याण मार्ग से चलेगी।

16 अक्टूबर को गोरखपुर, हरिद्वार, कुशीनगर, एर्नाकुलम सहित कई एक्सप्रेस ट्रेनों को जलगांव-नंदुरबार-बसई रोड-ठाणे या मनमाड-पुणे-लोणावला-कल्याण मार्ग से चलाया जाएगा। वहीं 17 अक्टूबर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से चलने वाली कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव रहेगा।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Safiya Ahmad D/O Masroor Ahmad निवासी- 45, बैरसिया रोड, गणगौर वाली बावड़ी, काजीकैंप भोपाल 462001 (मध्य प्रदेश) यह घोषणा करती हूं कि मेरा पूर्व में नाम Safiya Masroor था जो कि मेरे पूर्व पासपोर्ट में लिखा है जिसे मैंने बदलकर नया नाम Safiya Ahmad D/O Masroor Ahmad रख लिया है अब मुझे इसी नए नाम से जाना व पहचाना जाए।

1785

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.म0 रापड़िया तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र.

रा.प्र.क. 0243 अ-12/2026-27
ग्राम नाम - रापड़िया
सूचना- पत्र

प्रति, 1- श्रीमती सीमा यादव पत्नी श्री विजय नवल निवासी, 2- गीता मोहनी बँगला फेस-6 अयोध्या बायपास भोपाल।, 3- शिवा पटेल पिता शिवनारायण निवासी भोपाल।, 4- श्री संध्या राठी पत्नी स्व. श्री सुनील राठी निवासी भोपाल।, 5- श्री रामनारायण पाटीदार आं. जीतमल पाटीदार निवासी भो.,,6- लक्ष्मीनारायण पिता बाबूलाल निवासी भोपाल, सर्व साधारण को सूचनार्थ एवं अन्य पड़ोसीगण। **विषय**-सीमांकन किये जाने हेतु बाबत् सूचना पत्र एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सीमा यादव पत्नि पिता श्री विजय नवल निवासी- गीता मोहनी बँगला फेस-6 अयोध्या बायपास भोपाल द्वारा ग्राम-रापड़िया प.ह.नं.-0 में स्थित खसरा नं. क्रमांक 230/2, 318/2, रकबा क्रमांक 0.1400 हेंक्टयर, 0.2200 हेंक्टर भूमि कुल रकबा .....हेक्टयर भूमि का सीमांकन हेतु आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमाकंन मेरे द्वारा दिनांक 30/09/2026 को समय प्रातः 12:30 बजे स्थल पर किया जावेगा। पडोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमाकंन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं अनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमाकंन कार्य रोका नहीं जावेगा बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमाकंन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पडोसी भूमि स्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वंय से व्यय पर उक्त सूचना पत्र का स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में कराया जा सकता है। आज दिनांक 21/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया। **राजस्व निरीक्षक तहसील कोलार भोपाल**

1786

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.म0 रापड़िया तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र.

रा.प्र.क. अ-12/2026-27
ग्राम नाम - रापड़िया
सूचना- पत्र

प्रति, 1- श्री शिवा पटेल पिता श्री शिवनारायण निवासी भोपाल, 2- सीमा यादव पत्नि श्री विजय नवल निवासी भोपाल, 3- श्री संध्या राठी पत्नी स्व. श्री सुनील राठी नि. भोपाल, 4- श्री रामनारायण पाटीदार आ. जीतमल निवासी भोपाल, 5- श्री लक्ष्मीनारायण पिता नट्टूलाल निवासी भोपाल, 6- श्री छोटे राम पिता श्री नट्टूलाल निवासी भोपाल, सर्व साधारण को सूचनार्थ एवं अन्य पड़ोसीगण **विषय**-सीमांकन किये जाने हेतु बाबत् सूचना पत्र एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवा पटेल पिता-श्री शिवनारायण निवासी- भोपाल द्वारा ग्राम-रापड़िया प.ह.नं.-0 में स्थित खसरा नंबर क्रमांक 317/2/2, 361/230/2/2 रकबा क्रमांक 0.1400 हें. 0.1880 हेक्टर भूमि कुल रकबा हेक्टयर भूमि का सीमांकन हेतु आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमाकंन मेरे द्वारा दिनांक 30/09/2026 को समय प्रातः 12:00 बजे स्थल पर किया जावेगा। पडोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमाकंन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं अनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमाकंन कार्य रोका नहीं जावेगा बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमाकंन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पडोसी भूमि स्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वंय से व्यय पर उक्त सूचना पत्र का स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में कराया जा सकता है। आज दिनांक 26/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया। **राजस्व निरीक्षक तहसील कोलार भोपाल**

1787

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.म0 रापड़िया तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र.

रा.प्र.क. 0244 अ-12/2026-27
ग्राम नाम - रापड़िया
सूचना- पत्र

प्रति, 1 श्रीमती रांध्या राठी पत्नी स्व. श्री सुनील राठी निवासी भोपाल, 2- श्री शिवा पटेल पिता श्री शिवनारायण निवासी भोपाल।, 3- श्रीमती सीमा यादव पत्नी श्री विजय नवल नि. अयोध्या बायपास।, 4- श्री लक्ष्मीनारायण पिता श्री नट्टूलाल निवारी भोपाल।, 5 श्री ओमप्रकाश पिता बाबूलाल निवासी ग्राम रापड़िया भो., 6- श्री रागनारायण पाटीदार पिता श्री जीतमल पाटीदार नि.भो., सर्व साधारण को सूचनार्थ एवं अन्य पड़ोसीगण। **विषय**-सीमांकन किये जाने हेतु बाबत् सूचना पत्र एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती संध्या राठी पत्नि पिता स्व. श्री सुनील राठी निवासी भोपाल द्वारा ग्राम रापड़िया प.ह.नं.-0 में स्थित खसरा नंबर क्रमांक 361/230/2/1, 317/2/1 रकबा क्रमांक 0.1820 हेंक्टर, 0.2230 हेंक्टर भूमि कुल रकबा 0.405 हेक्टर भूमि का सीमांकन हेतु आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा दिनांक 30/09/2026 को समय प्रातः 11:30 बजे स्थल पर किया जावेगा। पडोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमाकंन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं अनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमाकंन कार्य रोका नहीं जावेगा बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमाकंन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पडोसी भूमि स्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वंय से व्यय पर उक्त सूचना पत्र का स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में कराया जा सकता है। आज दिनांक 21/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया। **राजस्व निरीक्षक तहसील कोलार भोपाल**

1788

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.म0 रापड़िया तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र.

रा.प्र.क. 0242 अ-12/2026-27
ग्राम नाम रापड़िया
सूचना- पत्र

प्रति, 1- रामनारायण पाटीदार पिता जीतमल पाटीदार नि:भोपाल।, 2- श्रीमती सीमा यादव पानी श्री विजय नवल नि. गीता, 3- मोहनी बंगला फेस-6 अयोध्या बाय-पास भोपाल।, 4-श्री रामनारायण पाटीदार पिता जीतमल पाटीदार निवासी भोपाल।, 5- श्री शिवा पटेल पिता शिवनारायण निवासी भोपाल 6- श्रीमती विजय लक्ष्मी त्रिपाठी पत्नी अनिल त्रिपाठी, 7- सोमवती शर्मा पत्नि संतोष शर्मा अशोक कुमार त्रिपाठी, 8-प्रदीप कुमार तिवारी आ. हीरालाल तिवारी नि. भोपाल।, 9- श्री छोटे राम आ. श्री नट्टूलाल निवासी भोपाल।, सर्व साधारण को सूचनार्थ एवं अन्य पड़ोसीगण 10 संध्या राठी पत्नि एवं सुनील राठी नि.भोपाल। 11- ओमप्रकाश आ. बाबूलाल नि.ग्राम रापड़िया भोपाल। **विषय**-सीमांकन किये जाने हेतु बाबत् सूचना पत्र नहर के सीमांकन के लिए । एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सीमा यादव पत्नी पिता श्री विजय नवल निवासी- गीता मोहनी बंगला फेस-6 अयोध्या बायपास द्वारा ग्राम-रापड़िया प.ह.नं.-0 में स्थित खसरा नंबर क्रमांक ख.नं. 238 रकबा क्रमांक हेंक्टर भूमि कुल रकबा हेक्टयर भूमि का सीमांकन हेतु आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा दिनांक 30/09/2026 को समय प्रातः 11:30 बजे स्थल पर किया जावेगा। पडोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमाकंन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं अनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमाकंन कार्य रोका नहीं जावेगा बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमाकंन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पडोसी भूमि स्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वंय से व्यय पर उक्त सूचना पत्र का स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में कराया जा सकता है। आज दिनांक 21/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया। शासकीय नहर की नपती बाबत् **राजस्व निरीक्षक तहसील कोलार भोपाल**

1789

सूडोकु नवताल- 7914

सरल

3				8				9
		8	6		9	5		
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
		6	4		5	8		
9				1				7

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7913 का हल

8	2	4		9	7	5	1	6
3	5	6	1	4	2	7	8	9
1	9	7	6	5	8	2	3	4
9	6	2	5	8	3	1	4	7
5	3	1	4	7	9	8	6	2
4	7	8	2	1	6	9	5	3
2	8	3	9	6	1	4	7	5
6	1	5	7	2	4	3	9	8
7	4	9	8	3	5	6	2	1

काकुरो पहेली - 7587



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7586 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8995



बाएँ से दाएँ

1. जंगल की आग-4
4. अयोग्य, नालायक-4
6. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
8. तैयार होना-3
9. जीभ, जिव्हा-3
11. पाश, फंदा, -2
13. नामकरण करना-2,3
15. मेरा (सं.-2)
16. खाद्य सामग्री-3
18. तहत-3
19. कक्ष, रूम-3
20. भरोसा, विश्वास-4
22. सचेत, होशियार-4

ऊपर से नीचे

1. दागी, धब्बेवाला-4
2. गीलापन, तर होना-2
3. दुनिया, जगत-3
4. अदा, हाव-भाव-5
5. भरा हुआ-4
7. टपकना, गिरना-3
10. नाग रखना-5
12. एकमत-4
14. भक्षक, विनाशकारी-3
17. खारा, क्षारीय-4
18. वन, जंगल-3
21. लाश, मुर्दा, मृतक-4

शब्द पहेली -8994 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली - 7426



ऊपर से नीचे:-

१. 'हाय रे हाय रे' गीत वाली नई फिल्म-२
२. जोहराबाई अंबाले के गीत 'अँखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'अनोखी रात' के संगीतकार ३
४. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की १९९७ की एक फिल्म-३
५. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली फिल्म ३
६. अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, शत्रु, रखी, परवीन, बिंदिया की अभिनीत फिल्म २
८. 'मेरे अँगने में तुम्हारा' गीत वाली फिल्म-४
१०. फिरोजखान, हेमा, रेखा की फिल्म ३
१२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली विक्रम, लक्ष्मी की फिल्म २
१३. किशोर कुमार, मधुबाला की 'कोई हमदम ना रहा' गीत वाली फिल्म ३
१४. 'गोरे गोरे मुखड़े पे काला काला चश्मा' गीत वाली फिल्म ३
१६. फिल्म 'शरीफ बदमाश' में नायिका कौन थी २
१८. 'तुम रूठ के मत' गीत वाली फिल्म-३
१९. अमिताभ, जया की 'जहाँ चार यार' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आँखों से तूने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
२३. अगिताभ की 'अरे दीवानों मुझे पहचानो' गीत वाली फिल्म २
२४. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी, करिश्मा की फिल्म ३
२६. नायक-निर्माता-निर्देशक अकबर खान, रंजीता, स्मिता की फिल्म ३
२७. अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की सुभाष घई निर्देशित फिल्म २
२८. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली बहु सितारा फिल्म २

बायें से दायें:-

१. 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
३. कुमार गौरव, पूनम की 'माँग लूंगा तुझे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत और नायिका रीना राय वाली फिल्म-२
७. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म ३
९. सुनीलदत्त, किशोरकुमार के 'सामने वाली खिड़की में' रहती है ४
१०. करिश्मा, मनीषा की 'रंग दी रंग दी' गीत वाली फिल्म ४
११. नवीन निश्चल, रेखा की 'राज की बात कह' कव्वाली वाली फिल्म २
१५. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार की फिल्म-३
१७. सुनील शेट्टी, नम्रता की 'जीना तेरी बाहों में' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'घायल घायल तूने मुझे' गीत वाली मिथुन, श्रीदेवी की फिल्म २
२१. सुनीलदत्त, माला की 'चलो एक बार फिर से' गीत वाली फिल्म ४
२२. 'गाये जा गीत मिलन के' गीत वाली दिलीप, नर्गिस की फिल्म २
२५. संजयदत्त, गाधुरी की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'गैं दुनिया भुला दुंगा' गीत वाली राहुल राय, अनु की फिल्म ३
३०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की १९८४ की एक फिल्म ३
३१. 'बारना दे बारना' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म ३

फिल्म वर्ग पहेली - 7425

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7520

2	1	7		5	6	3
	29		32		32	
4		5	3		2	7
	36	6	28	4	28	
5		2		3		1
7	37		26		37	6
		4	1	2		

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7519 का हल

1	7	3	4	5	6	2
6	37	6	32	2	26	1
5	2	7	4	1	6	3
4	32	4	32	4	32	4
3	6	1	4	7	2	5
7	33	2	29	6	40	7
2	7	5	1	3	4	6

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8540

बा	ला	सो	र	ग	द	रि	सि	या	र	क
लां	वि	ज	ग	व	जी	ग	द	इ	ता	ली
गी	स	श	ग	बा	छ	ची	ता	रा	क	का
र	ज	र	ज	त	ज	न	अं	गु	ल	ला
क	खु	दो	प	ल	सिं	का	म	ग	व	हां
जी	द	ल	ति	य	ख	ह	ना	हि	र	डी
ती	लो	म	ड़ी	या	प	र	पु	र	र	ल
क	दे	व	ग	ढ़	ब	क	ग	र	श	ण
ने	बा	गं	न्न	ब्रा	ह	त्या	बा	र	ग	ढ़
तें	दु	ज	प	व	जी	र्त	उ	बें	हा	त
क	दु	म	रा	नी	ल	गा	थ	द	प	थ

शब्द जाल में उड़ीसा के 10 जिलों नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

जगतसिंहपुर, बालासोर, अंगुल, बाउध, गंजम, कालाहांडी, देवगढ़, बालांगीर, बारगढ़, गजपति

शब्दजाल - 8539 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore